दिन–गुरूवार दिनांक– 21 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने केन्द्र और राज्य सरकारों को सरकारी सम्पत्तियों से अनधिकृत राजनीतिक पोस्टर तत्काल हटाने के दिये निर्देश।

02. राजद ने पार्टी प्रत्याशियों को सिंबल देना किया शुरू। गया से कुमार सर्वजीत, जमुई से अर्चना रविदास, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा और नवादा से श्रवण कुशवाहा लड़ेंगे चुनाव।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने आगामी पांच अप्रैल को आयोजित होने वाली तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित की।

04. और, मौसम विभाग की चेतावनी, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और मध्य भागों में कई स्थानों पर हो सकता है मेघगर्जन के साथ वज्रपात।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र, राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों को रेलवे और हवाई अड्डों जैसी सरकारी सम्पत्तियों से सभी अनधिकृत राजनीतिक पोस्टरों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं। आयोग को कई पक्षों से शिकायतें मिल रही हैं कि अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन देश के कई स्थानों पर अभी भी प्रदर्शित किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों का अनुपालन नहीं होने या आंशिक अनुपालन होने को गम्भीरता से लिया है। आयोग ने इस मामले में अनुपालन रिपोर्ट आज शाम पांच बजे तक भेजने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को व्हाट्सएप पर जारी विकसित भारत संदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। आयोग के अनुसार आम चुनाव की घोषणा के बावजूद नागरिकों के फोन पर ऐसे संदेश मिलने की कई शिकायतें मिली हैं। इसके जवाब में, मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि पत्र आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे।

———————————————————————————

आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयोग ने सभी हितधारकों को भ्रामक सूचना और इसे फैलाने वाले लोगों के विरूद्ध सतर्क रहने और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार

करने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने कहा है कि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से पहले राजनीतिक पार्टियों को उनकी जांच कर लेनी चाहिए।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन के दूसरे दिन आज गया सुरक्षित सीट से एक निर्दलीय उम्मीदवार अरूण कुमार ने नामांकन का पर्चा भरा है। इसके लिए अधिसूचना कल जारी की गयी थी। उम्मीदवार अट्ठाईस मार्च तक नामांकन भर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को की जायेगी, जबकि दो अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। पहले चरण में राज्य की चार संसदीय सीटों औरंगाबाद, नवादा, गया सुरक्षित और जमुई सुरक्षित सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत औरंगाबाद और नवादा सीट भाजपा के कोटे में गयी है। जमुई सीट लोजपा रामविलास को मिली है, जबकि गया सीट हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को दी गयी है। विपक्षी महागठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हुआ है। इसके बावजूद राजद ने कुमार सर्वजीत को गया सुरक्षित सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, श्रवण कुशवाहा को भी राजद का सिंबल दे दिया गया है। श्री कुशवाहा के नवादा से चुनाव लड़ेंगें।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने अपने चार और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पटना में राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इन प्रत्याशियों को पार्टी का सिंबल भी प्रदान कर दिया है। जमुई सीट से अर्चना रविदास, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, बक्सर से सुधाकर सिंह और जहानाबाद से सुरेन्द्र यादव को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने अब तक कुछ छह उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं।

———————————————————————————

इधर, गया सुरक्षित लोकसभा सीट से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी चुनाव लड़ेंगे। हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने यह घोषणा की।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद बिहार में चुनाव संबंधी गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य भर में चालीस संसदीय क्षेत्रों के लिए सात चरणों में मतदान होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है, बिहार की चालीस सीटों के लिए सात करोड़ सड़सठ लाख मतदाता, प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

———बाईट———

एक करोड़ 73 लाख से अधिक युवा मतदाता जो 19 से तीस वर्ष आयु वर्ग के हैं, इस बार मतदान करेंगे। पहली बार वोटर बने युवाओं की संख्या दस लाख से अधिक है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये जा रहे हैं। मतदान के लिए 77 हजार से अधिक पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जहां सभी केन्द्रों पर मतदाताओं को पीने के पानी, बैठने की जगह, छाया, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पहले चरण में गया, औरंगाबाद, नवादा और जंगोई जैसे नक्सल हिंसा प्रभावी संसदीय क्षेत्रों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। प्रथम चरण में बिहार में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे नवादा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

नवादा संसदीय क्षेत्र में पहले चरण के तहत उन्नैस अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने बताया कि स्वीप गतिविधि के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में तीन जिला आईकॉन अभिनेता राहुल वर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू कुमारी और दिव्यांग में विनय कुमार को बनाया गया है। कम मतदान वाले और वंचित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

———बाइट– आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी, नवादा———

2019 के लोकसभा चुनाव में नवादा संसदीय क्षेत्र में बिहार के औसत मतदान से करीब साढ़े सात प्रतिशत कम मतदान हुआ था। संसदीय क्षेत्र में 35 से अधिक ऐसे मतदान केन्द्र थे, जहां दस प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ था। जिला आईकॉन राहुल वर्मा कहते हैं कि उनकी कोशिश है कि इस बार मतदान प्रतिशत कम से कम बिहार के मतदान प्रतिशत के बराबर हो।

———बाइट– राहुल वर्मा, एक्टर, जिला आईकॉन, नवादा———

इधर, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए भी जिला प्रशासन जुटा हुआ है। जगह–जगह से राजनीतिक विज्ञापन हटा दिये गये हैं। विशेष अभियान चलाकर पुलिस वांछित अपराधियों की धर–पकड़ में जुटी हुयी है। धन के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए भी कोषांगों को सक्रिय कर दिया गया है। शराब तस्करों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई जारी है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने आगामी पांच अप्रैल को आयोजित होने वाली तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित कर दी है। आयोग ने इस संबंध में विभिन्न जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक पदों के लिए होने वाली नियुक्ति परीक्षा रद्द किये जाने की सूचना दी है। जानकारी के अनुसार आयोग पक्के इंतजाम के बाद ही परीक्षा की नई तारीख घोषित करेगा। इससे पहले कल प्रश्न पत्र लीक होने के कारण पन्द्रह मार्च को आयोजित दोनों पालियों की परीक्षा रद्द कर दी गयी थी।

———————————————————————————

ग्यारहवीं की पढ़ाई स्कूलों में कराये जाने के निर्णय के खिलाफ विभिन्न कॉलेजों के छात्र–छात्राओं ने आज भी प्रदर्शन किया। पटना में आक्रोशित छात्रों ने वीरचन्द्र पटेल पथ स्थित भाजपा और जदयू कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आश्वासन के बाद छात्र शांत हुये हैं। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि छात्रों की मांग पर विचार किया जायेगा।

———बाईट———

इधर, मुंगेर में भी डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ वाल्मीकि राजनीति महिला महाविद्यालय के छात्राओं ने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने चालू सत्र से ही राज्य के डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे इंटर के छात्रों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिफ्ट करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को परामर्श जारी किया है कि वे रविवार, इकतीस मार्च को अपनी सभी शाखाएँ खुली रखें। यह परामर्श सरकारी प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी बैंकों को इकतीस मार्च को लेन–देन सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज भी प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गयी है। इसके साथ ही कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, बक्सर, भोजपुर, पटना, गया और नालंदा समेत राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि राज्य के पूर्वी और मध्य भागों में कई स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात भी हो सकता है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली में सबसे अधिक एक सौ तीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। पूर्वी चम्पारण के सिकटा में एक सौ चौबीस दशमलव आठ मिलीमीटर, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल में बानवे दशमलव चार मिलीमीटर और मुंगेर में पच्चासी मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण – एनआईए ने प्रतिबंधित सी पी आई – माओवादी संगठन को मगध क्षेत्र में पुनर्गठित और मजबूत करने की साजिश में शामिल फरार आरोपी विनोद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————————

बेगूसराय जिले के हर हर महादेव चौक स्थित एक निजी बैंक से हथियारबंद अपराधियों ने आज दिन दहाड़े बीस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि पांच की संख्या में आये लुटेरों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————————————

अरवल जिले के करपी प्रखंड मुख्यालय में पोषण परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीता कुमारी ने लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दी।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार........... एक बार फिर

01. निर्वाचन आयोग ने केन्द्र और राज्य सरकारों को सरकारी सम्पत्तियों से अनधिकृत राजनीतिक पोस्टर तत्काल हटाने के दिये निर्देश।

02. राजद ने पार्टी प्रत्याशियों को सिंबल देना किया शुरू। गया से कुमार सर्वजीत, जमुई से अर्चना रविदास, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा और नवादा से श्रवण कुशवाहा लड़ेंगे चुनाव।

03. बिहार लोक सेवा आयोग ने आगामी पांच अप्रैल को आयोजित होने वाली तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित की।

04. और, मौसम विभाग की चेतावनी, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और मध्य भागों में कई स्थानों पर हो सकता है मेघगर्जन के साथ वज्रपात।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।